उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या-44/3103/71-1-2014-जी-441/2011
लखनऊ : दिनांक 18 नवम्बर 2014
कार्यालय-ज्ञाप

डा0 सुरेन्द्र कुमार ध्रुव, परामर्शदाता, पैथालॉजी विभाग, जिला चिकित्सालय, शाहजहापुर को सेवा स्थानान्तरण के आधार पर मेडिकल कालेज, कन्नौज में प्रवक्ता, पैथालॉजी, ब्लड बैंक के पद पर शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1811/71-1-2012-जी-441/2011, दिनॉक 28-12-2012 द्वारा 01 वर्ष अथवा लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए, तैनात किया गया था। अन्तिम बार डा0 सुरेन्द्र कुमार ध्रुव की सेवा स्थानान्तरण अवधि कार्यालय ज्ञाप संख्या-2133/71-1-13-जी-441/2011, दिनॉक 08-11-2013 द्वारा दिनॉक 31-12-2013 के पश्चात् एक वर्ष तक के लिए बढ़ायी गयी थी।

2- महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-एम0ई0-2/2014/2286, दिनॉक 25-08-2014 पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल महोदय मेडिकल कालेज, कन्नौज के प्रवक्ता, पैथालॉजी, ब्लड बैंक के पद पर कार्यरत डा0 सुरेन्द्र कुमार ध्रुव की सेवा स्थानान्तरण अवधि दिनॉक 31-12-2014 के पश्चात् 01 वर्ष अथवा लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए बढ़ाये जाने की एतद्द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

संजय कुमार उपाध्याय
संयुक्त सचिव।

संख्या:-44/3103(1)/71-1-2014- तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ।
3- महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
4- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कन्नौज।
5- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, कन्नौज।
6- मुख्य चिकित्साधिकारी, शाहजहॉपुर।
7- कोषाधिकारी, कन्नौज।
8- संबंधित चिकित्सा शिक्षक।
9- चिकित्सा अनुभाग-3/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in